नगर निगम, शाहजहॉपुर।

# **प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक 27.11.2020

- प्रतिबन्धित पॉलीथीन के विरूद्ध नगर निगम की बड़ी कार्यवाही, दिनांक 26.11.2020 को लोधीपुर में स्थित एक गोदाम से 1000 किलो0 प्रतिबंधित पालीथीन जब्त की गई। इस माह में अब तक 3000 किलो0 से अधिक प्रतिबंधित पालीथीन जब्त की जा चुकी है तथा 168200 रूपये की धनराशि जुर्माना के रूप में वसूल की गई।

नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नगर निगम,शाहजहॉपुर में नियमित रूप से प्रतिबन्धित पालीथीन के उपयोग के विरूद्ध कार्यवाही जा रही है। इस माह में अब तक 08 से अधिक प्रकरणो में कार्यवाही करते हुये 3000 किलो0 से अधिक प्रतिबंधित पालीथीन जब्त की जा चुकी है तथा 168200 रूपये की धनराशि जुर्माना के रूप में वसूल की गई। दिनांक 26.11.2020 में मो0 लोधीपुर स्थित एक गोदाम से 1000 किलो प्रतिबंधित पालीथीन जब्त की गई। नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार सहायक नगर आयुक्त श्री अंगद गुप्ता एवं प्रवर्तन दल टीम के साथ मो0 लोधीपुर स्थित व्यापारी के गोदाम में भारी मात्रा प्रतिबंधित पालीथीन भरी होने की सूचना मिली थी इस पर गुरूवार शाम को लोधीपुर जाकर व्यापारी के गोदाम पर छापा मारा। व्यापारी के गोदाम प्रतिबंधित पालीथीन से भरा हुआ था, जिसे नगर निगम की टीम ने कब्जे में ले लिया। इसके साथ ही 50000.00 का जुर्माना लगाया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर के समस्त व्यापारियो एवं नगरवासियो से अपील की गई कि प्रतिबन्धित पॉलीथीन का उपयोग न करे। स्वच्छता रखने और पर्यावरण को दूषित होने से बचाने की अपील की गई।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहॉपुर।